63. वनस्थली विद्यापीठ से सम्बन्धित थी–

(a) रतन शास्त्री (b) महिमा देवी
(c) कस्तूरबा गांधी (d) नारायणी देवी

Puskalyadyaksh Grade III 2018 Exam-19.09.2020

Ans. (a) : वनस्थली विद्यापीठ की स्थापना 1935 ई. में की गई थी। तब इसका नाम श्री शान्ता बाई शिक्षा कुटीर था जिसे 1943 ई. में वनस्थली विद्यापीठ का नाम दिया गया। इसकी स्थापना में पंडित हीरालाल शास्त्री की पत्नी रतन शास्त्री ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

64. ''मीणा क्षेत्रीय सभा'' की स्थापना की गयी–

(a) 1920 में (b) 1933 में
(c) 1937 में (d) 1940 में

MVSI-2013

Ans. (b) : 'मीणा क्षेत्रीय सभा' की स्थापना वर्ष 1933 ई. में की गई थी। इस सभा ने जयपुर सरकार से जरायम पेशा कानून को समाप्त करने की मांग की, परन्तु राज्य ने मीणाओं को कठोरता से दबाना प्रारम्भ किया और साम-दाम-भेद की नीति अपनाकर इस संस्था का विघटन कर दिया। मीणा सुधार समिति के प्रथम अध्यक्ष वंशीधर शर्मा थे।

65. दक्षिणी राजस्थान में 'सम्प सभा' की स्थापना किसने की थी?

(a) मोतीलाल तेजावत (b) गोविन्द गिरी
(c) माणिकलाल वर्मा (d) भोगीलाल

हथकरघा निरीक्षक (उद्योग विभाग) भर्ती परीक्षा 2018
RPSC ST - 81 GK & Horticulture 28-10-2018
MVSI-2013

Ans. (b) : वर्ष 1858 में डूंगरपुर में जन्मे गोविंद गिरि स्वामी दयानंद सरस्वती की प्रेरणा से जनजातियों की सेवा में जुट गए। इन्होंने आदिवासियों की सेवा हेतु 1883 में संप सभा की स्थापना सिरोही जिले में किया। संप सभा का प्रथम अधिवेशन 1903 में बांसवाड़ा (दक्षिणी राजस्थान) में हुआ।

66. राजस्थान के किस जिले में बच्चों के लिए पहली कैथ लैब स्थापित की जा रही है?

(a) जयपुर (b) उदयपुर
(c) जोधपुर (d) अजमेर

MOTAR VAHAN UPNIRIKSHAN 15.09.2021

Ans. (c) : राजस्थान के जोधपुर में बच्चों के लिए पहली कैथ लैब का निर्माण किया जा रहा है। यह उत्तर भारत की तीसरी कैथ लैब होगी।

67. हाल ही में राजस्थान सरकार ने महिला भ्रूण हत्याओं को रोकने के उद्देश्य से ''मुखबिर योजना'' (इन्फॉरमर स्कीम) के तहत प्रोत्साहन राशि बढ़ाई है। बढ़ी हुई प्रोत्साहन राशि कितनी है?

(a) ₹ 1 लाख (b) ₹ 2.5 लाख
(c) ₹ 3 लाख (d) ₹ 3.5 लाख

MOTAR VAHAN UPNIRIKSHAN 15.09.2021

Ans. (c) : राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बेटी बचाओ मुहिम को लेकर एक बड़ी पहल की है। राजस्थान सरकार ने मुखबिर योजना को अधिक प्रभावी बनाते हुए प्रोत्साहन राशि को 2,50,000 से बढ़ाकर 3 लाख रूपये कर दिया गया है।

68. किस क्षेत्र में श्रेष्ठता के लिए महाराणा प्रताप पुरस्कार दिया जाता है?

(a) विज्ञान तथा तकनीकी (b) खेल
(c) सामाजिक कार्य (d) कला प्रदर्शन

उत्तर – (b)

RPSC RAS/RTS 2003

व्याख्या — महारणा प्रताप पुरस्कार की स्थापना 1982-83 में हुई। यह पुरस्कार खेलकूद के उत्कृष्ट खिलाड़ियों को दिया जाता है। ध्यातव्य है कि विशिष्ट अवार्ड (1987 में स्थापित) खेल प्रशिक्षकों को दिया जाता है।

69. चँवरी कर की प्रकृति थी–

(a) कृषि उत्पादन कर
(b) आयात कर
(c) बिक्री कर
(d) पुत्री के विवाह पर कर

MOTAR VAHAN UPNIRIKSHAN 2011

Ans. (d) : चँवरी कर पुत्री के विवाह पर लगाया गया कर था। 1903 में रावकृष्ण सिंह द्वारा बिजौलिया में चँवरी कर किसानों पर लगाया। इसके अनुसार हर व्यक्ति को अपनी लड़की की शादी के अवसर पर 5 रुपये का चँवरी कर देना पड़ता था।

70. राजस्थान की महिला खिलाड़ी कृष्णा पूनिया ने किस खेल में राष्ट्र मंडल खेलों (2010) में पुरस्कार जीता?

(a) टेनिस (b) टेबिल टेनिस
(c) दौड़ (d) डिस्कस थ्रो (चक्रा फेंक)

MOTAR VAHAN UPNIRIKSHAN 2011

Ans. (d) : राजस्थान की कृष्णा पूनिया डिस्कस थ्रो खेल में पारंगत हैं। इन्होंने राष्ट्रमंडल खेल (2010) में स्वर्ण पदक, एशियाई खेल कांस्य पदक, एशियाई चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीता है। इन्हें अर्जुन खेल रत्न अवार्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है।

71. निम्नांकित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?

(a) घग्घर-मृत नदी
(b) भोराट - पठार
(c) नागपानी -अरावली दर्रा
(d) सेर - अरावली चोटी

48 LA2018_Question Paper Code-48

Ans. (c) : घग्घर नदी को मृत नदी के नाम से भी जानते हैं। घग्घर नदी का उद्‌गम हिमांचल प्रदेश से होता है। यह थार रेगिस्तान में बहने वाली नदी है जो अधिकांश महीनों में सूख जाती है। भोराट पठार उदयपुर के उत्तर-पश्चिम में कुंभलगढ़ से गोगुन्दा तक स्थित है। नागपानी, अरावली पर्वत का दर्रा न होकर पर्वत शिखर है जो लगभग 867 मी. ऊँची है। सेर, अरावली पर्वत श्रृंखला की दूसरी सर्वोच्च चोटी है जिसकी ऊँचाई 1597 मी. है।